INTERNATIONAL NEWS AND VIEW CORPORATION

INVC

अंतरराष्ट्रीय समाचार एवं विचार निगम

उद्योगों और निजी क्षेत्र में भी रोजगार सृजन की प्रक्रिया जारी

By : Editor Published On : 25 Oct, 2020 08:00 PM IST

आई एन वी सी न्यूज़
लखनऊ ,

उत्तर प्रदेश के अपर मुख्य सचिव सूचना श्री नवनीत सहगल ने लोक भवन में प्रेस प्रतिनिधियों को सम्बोधित करते हुए बताया कि प्रदेश में कोविड-19 के संक्रमण दर में लगातार गिरावट आ रही है लेकिन यह समय और अधिक सावधान रहने का है। उन्होंने बताया कि मा0 मुख्यमंत्री जी ने प्रदेशवासियों को विजयदशमी की शुभकामनाएं दीं। त्योहारों पर विशेष सावधानी तथा भीड़-भाड़ वाले इलाकों में जाने से बचें। घर से निकलने से पहले मॉस्क जरूर पहनकर निकलें। उन्होंने बताया कि हॉट स्पाट एरिया 10,631 हैं तथा कन्टेनमेंट जोन 10,650 हैं। हॉट स्पाट एरिया तथा कन्टेनमेंट जोन में लगातार गिरावट हो रही है, कोविड-19 की टेस्टिंग निरन्तर करायी जा रही है।
श्री सहगल ने बताया कि औद्योगिक गतिविधियां तेजी से संचालित हो रही हं। प्रदेश में विद्यमान 4.35 लाख इकाईयों को आत्मनिर्भर पैकेज के अन्तर्गत बैंकों के माध्यम से रू0 10,744 करोड़ के ऋण स्वीकृत कर वितरित किये जा रहे हैं। प्रदेश में उद्योगों और निजी क्षेत्र में भी रोजगार सृजन की प्रक्रिया जारी है। आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश रोजगार/स्वरोजगार सृजन अभियान में इस वित्तीय वर्ष में 14 मई से आजतक 5.80 लाख नई डैडम् इकाईयों को रू0 15,523 करोड के ऋण वितरण किया गया है। इन्ही इकाईयों के माध्यम से 25 लाख रोजगार का सृजन हुआ है। नई इकाईयों को स्थापित करने का प्रयास किया जा रहा है जिससे आर्थिक गतिविधि बढ़े और रोजगार के अवसर मिलें। उन्होंने बताया कि पिछले 04 दिनों में 04 हजार नई इकाईयों को 100 करोड़ रूपए से अधिक का ऋण उपलब्ध कराया गया है।
श्री सहगल ने बताया कि स्थानीय उत्पादकों को बढ़ावा देने के लिए उ0प्र0 खादी बोर्ड के परिसर में खादी की प्रदर्शनी लगायी गयी है। प्रदर्शनी में नामी फैशन डिजाइनर द्वारा जरी-जरदोजी, अलीगढ़ का पेचवर्क और चिकन पर काम किया गया है। मा0 प्रधानमंत्री जी ने आज सभी नागरिकों से अनुरोध किया है कि स्थानीय उत्पादकों को बढ़ावा दिया जाय। उन्होंने अनुरोध किया है कि सभी लोग खादी की प्रदर्शनी में जरूर आएं और वहां से खरीददारी भी कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि नवम्बर के प्रथम सप्ताह में उ0प्र0 माटीकला बोर्ड की प्रदर्शनी लगाई जायेगी। प्रदर्शनी में मिट्टी के दीये तथा मिट्टी के लक्ष्मी-गणेश तथा मिट्टी के खिलौने आदि हांगे। उन्होंने बताया कि एकरूपता लाने के लिए कारीगरों को मिट्टी के सांचे दिये गये हैं।
श्री सहगल ने बताया कि मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा निरन्तर धान खरीद की समीक्षा की जा रही है। मा0 मुख्यमंत्री जी ने इस संबंध में सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि किसानों के धान की खरीद समय से हो तथा उन्हें धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य अवश्य मिले। मुख्यमंत्री जी ने कहा है कि जिलाधिकारी की यह जिम्मेदारी होगी कि वह किसानों को धान खरीद का न्यूनतम समर्थन मूल्य अवश्य मिले। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही पाये जाने पर इस कार्य में लगे अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी। मा0 मुख्यमंत्री जी ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि किसी भी किसान को समस्या न हो और सभी अधिकारी आकस्मिक निरीक्षण करं। उन्होंने बताया कि अब तक 26 लाख मी0टन धान की खरीद की जा चुकी है जो कि पिछले वर्ष से 08 गुना अधिक है। 12 क्रय केन्द्रों के प्रभारियों के खिलाफ एफ0आई0आर0 दर्ज करायी गयी है। उन्हांने किसानों से अपील कि है कि अपना धान, निकटतम धान क्रय केन्द्र पर ही लेकर जाए और बिचैलियों के सम्पर्क में न आये। उन्होंने बताया कि लापरवाही के चलते 03 वरिष्ठ

अधिकारी को निलम्बित किया गया है।
प्रदेश के अपर मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य श्री अमित मोहन प्रसाद ने कहा कि प्रदेश में कल एक दिन में कुल 1,17,431 सैम्पल की जांच की गयी। प्रदेश में अब तक कुल 1,40,25,713 सैम्पल की जांच की गयी है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में पिछले 24 घंटे में कोरोना से संक्रमित 2052 नये मामले आये हैं। प्रदेश में विगत 24 घंटे में 2368 मरीज उपचारित होकर डिस्चार्ज हुए हैं। प्रदेश में अब तक कुल 4,36,071 व्यक्ति उपचारित होकर डिस्चार्ज किये गये हैं। प्रदेश में रिकवरी का प्रतिशत अब बढ़कर 92.72 प्रतिशत हो गया है। प्रदेश में 27,317 कोरोना के एक्टिव मामले हैं। होम आइसोलेशन में 12,229 लोग हैं। उन्होंने बताया कि अब तक कुल 2,64,352 लोग होम आइसोलेशन की सुविधा प्राप्त करते हुए 2,52,123 लोगों ने अपने होम आइसोलेशन की अवधि पूर्ण कर ली है। उन्होंने बताया कि निजी चिकित्सालयों में 1373 लोग ईलाज करा रहे हैं। प्रदेश में सर्विलांस टीम के माध्यम से 1,47,233 क्षेत्रों में 4,33,396 टीम दिवस के माध्यम से 2,77,78,768 घरों के 13,67,20,180 जनसंख्या का सर्वेक्षण किया गया है। उन्होंने बताया कि चिकित्सकीय उपचार के लिए ई-संजीवनी पोर्टल शुरू किया गया है। ई-संजीवनी के माध्यम से 2576 लोगों ने चिकित्सकीय परामर्श लिया। अब तक कुल 1,62,992 लोगों ने ई-संजीवनी पोर्टल पर चिकित्सकीय परामर्श लिया।
श्री प्रसाद ने बताया कि अक्टूबर के महीने में संक्रमण का जो स्तर है प्रदेश की पॉजीटिविटी रेट 2 प्रतिशत रही है लेकिन कुछ जिले ऐसे हैं जो पॉजीटिविटी रेट में सबसे ज्यादा हैं, ऐसे जनपद लखनऊ, प्रयागराज, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर और मेरठ हैं। सबसे कम पॉजीटिविटी वाले जनपद कानपुर देहात, हाथरस, श्रावस्ती, बागपत और पीलीभीत हंै। उन्होंने बताया कि कोई भी व्यक्ति बिना मास्क पहने घर से बाहर न निकले और सावधानी रखनी की आवश्यकता है।

URL : https://www.internationalnewsandviews.com/उद्योगों-और-निजी-क्षेत्र/

INTERNATIONAL NEWS AND VIEW CORPORATION
INVC
अंतरराष्ट्रीय समाचार एवं विचार निगम

12th year of news and views excellency

Committed to truth and impartiality

Copyright © 2009 - 2019 International News and Views Corporation. All rights reserved.